आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 11.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोरों पर, मुख्य आयोजन स्थलों पर आठ कंट्रोल रूम का संचालन शुरू।
- रामलला की 'प्राण प्रतिष्ठा' की पहली वर्षगांठ पर आज से अयोध्या के राम मंदिर में तीन दिन का भव्य आयोजन।
- मसूरी के माल रोड पर जल्द ही दस और गोल्फ कार्ट शामिल की जाएंगी।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

राष्ट्रीय खेल सुरक्षा

प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त भी किए गए हैं। इसके तहत मुख्य आयोजन स्थलों पर आठ कंट्रोल रूम का संचालन शुरू कर दिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खेलों के लिए नियुक्त टीमों ने राज्य के सभी आयोजन स्थलों का दौरा कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग, खेल सचिव के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है। श्री भरणे ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों में 10 हजार से ज्यादा खिलाड़ी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र से अर्धसैनिक बलों की मांग भी की गई है।

राष्ट्रीय खेल हरिद्वार

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत हरिद्वार में हॉकी, कुश्ती, घुड़सवारी, योगासन और मलखंभ जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन खेलों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने एक उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने 25 जनवरी तक हर हाल में सभी व्यवस्थाएं पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही खेलों के दौरान यातायात व्यस्था में किसी भी प्रकार कि समस्या न होने और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी के उपस्थित न होने पर उन्होंने शासन को पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा

उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भव्य राम मंदिर में, रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में, आज से तीन दिन का विशेष आयोजन प्रारंभ हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 22 जनवरी को राम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन किया था। लेकिन हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस साल वर्षगांठ का आयोजन 11 जनवरी को किया जा रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में उन्होंने कहा कि श्री अयोध्या धाम में राम मंदिर के निर्माण से न केवल एक ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को सशक्त बनाने का भी मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## विशेष सम्मान

उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली लोगों को गणतंत्र दिवस पर विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया जाएगा। 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली 76वीं गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से चुनिंदा प्रतिभावान लोगों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ये वे लोग हैं जिन्होंने अपने–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और सरकारी योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए अपनी पहचान बनाई है।

गौरतलब है कि देशभर से विशेष अतिथियों को गणतंत्र दिवस पर परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान उनके अद्वितीय प्रदर्शन और समाज, क्षेत्र, राज्य और देश को गौरवान्वित करने के लिए दिया जा रहा है।

## गोल्फ कार्ट मसूरी

देहरादून जिला प्रशासन ने मसूरी में यातायात के दबाव को कम करने और स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए माल रोड पर 'गोल्फ कार्ट' सेवा शुरू की है। पहले चरण में नगर पालिका परिषद, चार गोल्फ कार्ट चला रही है। जल्द ही इस बेड़े में दस और गोल्फ कार्ट शामिल की जाएंगी। देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि प्रौद्योगिकी के बदलते दौर में यह जरूरी है कि पर्यटक नगरी मसूरी में परिवहन को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि विंटर कार्निवल से पहले बैटरी से चलने वाली गोल्फ कार्ट शुरू की गई है, जिसकी प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही और यही कारण है कि इनकी संख्या बढ़ाई जा रही है।

मौसम

राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज और कल हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि आज राज्य के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान कहीं–कहीं गरज के साथ ओलावृष्टि होने का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल भी बारिश और बर्फबारी का दौर जारी रहने का अनुमान है।

इस बीच, देहरादून जिला प्रशासन ने बारिश और बर्फबारी और ठंड में बढोतरी की संभावना के मद्देनज़र आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिले में सभी स्कूल और आगनबाड़ी केंद्र पूर्वाह्न साढे आठ बजे के बाद ही खोले जांएगे। यह आदेश 31 जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

हाईकोर्ट अवकाश

उत्तराखंड उच्च न्यायालय में 13 जनवरी से 9 फरवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। इस अवधि में महत्वपूर्ण वादों की सुनवाई के लिए अवकाशकालीन कोर्ट बैठेगी, जो सप्ताह में दो दिन आवश्यक वादों की सुनवाई करेंगी। इसके लिए मुख्य न्यायाधीश की अनुमति से अवकाशकालीन न्यायमूर्तियों का मनोनयन किया गया है।